nwda.gov.in

केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट कल होगा शुरू, किसानों को लाभ

■ एनबीटी न्यूज डेस्क

बुंदेलखंड में पानी की समस्या दूर करने के लिए राज्य सरकार कई योजनाओं पर काम कर रही है। इसी क्रम में 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास करेंगे। भारत सरकार की 'राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना' के तहत मध्य प्रदेश के छतरपुर और पन्ना जिलों में केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम शुरू हो चुका है।

यह देश की पहली राष्ट्रीय लिंक परियोजना है। परियोजना से मध्य प्रदेश के पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी और दतिया जिलों के लगभग 2 हजार गांवों में 7 लाख किसान परिवारों को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इसके तहत केन नदी पर 77 मीटर ऊंचा दौधन बांध और 221 किलोमीटर लंबी लिंक नहर बनाई जा रही है। इससे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 14 जिलों को सिंचाई और पेयजल की सुविधा मिलेगी। परियोजना 8.11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे करीब 7 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

पार्टी का मानना है कि इससे गुटबाजी नही होगी

उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। दौधन जलाशय से पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्यजीवों को सालभर पेयजल मिलेगा। परियोजना से 103 मेगावाट पनबिजली और 27 मेगावाट सोलर एनर्जी का उत्पादन होगा। ऐतिहासिक चंदेल कालीन 42 तालाबों का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा, जिससे भू-जल स्तर में सुधार होगा। यह परियोजना जल संकट से जूझ रहे बुंदेलखंड को राहत प्रदान करेगी और पलायन रोकने के साथ-साथ क्षेत्र में समृद्धि लाएगी।